RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 31 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 247 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## वर्ली में आदित्य ठाकरे को झटका!

### शिवसेना के पूर्व नगरसेवक संतोष खरात शिंदे गुट में शामिल...



**मुंबई :** शिवसेना पार्टी और उसके चुनाव चिन्ह धनुष-बाण की सुनवाई चुनाव आयोग के समक्ष शुरू है। इस बीच युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे के निर्वाचन क्षेत्र में ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है। वर्ली के पूर्व नगरसेवक संतोष खरात सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में बालासाहेब की शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। हालांकि विधान परिषद सदस्य सुनील शिंदे ने दावा किया है कि खरात और उनके जैसे दस लोगों के भी जाने से वर्ली में शिवसेना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। शिवसेना में अब तक की हुई सबसे बड़ी बगावत के बाद से लोगों की नजर इस पर टिकी हुई है कि मुंबई के कितने पूर्व नगरसेवक शिंदे गुट में शामिल होते हैं। सोमवार को वर्ली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महानगरपालिका के वार्ड क्रमांक-195 के नगरसेवक रहे संतोष खरात शिंदे गुट में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खरात का स्वागत किया।

**वर्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं आदित्य ठाकरे**

वर्ली विधानसभा क्षेत्र से ही युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे विधायक हैं। इसकी वजह से खरात का शिंदे गुट में शामिल होना काफी अधिक मायने रखता है। इसके पहले घाटकोपर की पूर्व नगरसेविका डॉ. भारती बावदाने अपने पति के साथ शिंदे गुट में शामिल हुईं थी। शिंदे गुट की प्रवक्ता और उप नेता शीतल म्हात्रे ने कहा है कि आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ आएंगे। उद्धव गुट के पास कुछ भी बचने वाला नहीं है। मुंबई महानगरपालिका चुनाव में वर्ली की जनता यह दिखा देगी कि किसमें कितनी ताकत है।

## शिवडी अदालत से नवनीत राणा को झटका!



**मुंबई :** शिवड़ी अदालत से सांसद नवनीत राणा को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उनके पिता हरभजन सिंह को फरार घोषित किया है। अदालत का माना है कि सुप्रीम कोर्ट और मुलुंड पुलिस स्टेशन में दायर दोनों मामले अलग-अलग हैं। यदि वह एक महीने के भीतर अदालत में पेश नहीं हुए, तो उनकी संपत्ति जब्त हो सकती है। इस मामले में आगे की सुनवाई 16 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। नवनीत राणा अमरावती से लोकसभा की सांसद हैं। यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। नवनीत राणा ने यह दावा करते हुए चुनाव लड़ा कि वह अनुसूचित जाति से हैं। हालांकि, यह पाया गया कि उनके द्वारा पेश अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र और स्कूल छोड़ने के प्रमाण पत्र (जीवित प्रमाण पत्र) में हेरफेर करके प्राप्त किया गया था।

**मुलुंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज**

उसके बाद मुलुंड पुलिस स्टेशन में नवनीत राणा और उसके पिता हरभजन सिंह और राम सिंह कुंडलेस के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस मामले में मजिस्ट्रेट अदालत ने उनके खिलाफ एक महीने में दो बार वारंट जारी किया था। उसके खिलाफ राणा सत्र न्यायालय पहुंची और मामले में बरी होने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की। इस याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर लगाई रोक...**

नवनीत राणा का जाति प्रमाण पत्र बांबे हाईकोर्ट ने 8 जून, 2021 को रद्द कर दिया था। उन पर दो लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया था। हाईकोर्ट के इस फैसले से नवनीत राणा का सांसद का दर्जा खतरे में पड़ गया था। नवनीत राणा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 22 जून 2021 को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए जाति प्रमाण पत्र रद्द करने के बांबे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।

**अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र फर्जी**

शिवसेना के पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल और सुनील भालेराव ने 2017 में बांबे हाई कोर्ट में नवनीत राणा के चुनाव को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। राणा ने चुनाव आवेदन के साथ जो हलफनामा दिया है, उसमें अनुसूचित जनजाति के संबंध में दिया गया प्रमाण पत्र फर्जी था। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जाति प्रमाणन समिति के समक्ष अपनी जाति का झूठा दावा किया था।

## सड़क हादसे में जान गंवाने व्यक्ति के परिजन को 29 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश




**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2015 में कार दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति की मां और बेटे को 29.12 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। पत्नी को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त वाहन उसके नाम पर पंजीकृत था। एमएसीटी के सदस्य डॉ. सुधीर एम देशपांडे ने 17 जनवरी को पारित आदेश में कार की मालिक (जान गंवाने वाले व्यक्ति की पत्नी), चालक और बीमाकर्ता को संयुक्त रूप से और अलग-अलग दावा दाखिल करने की तिथि से सालाना छह प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया है। आदेश की प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई। न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि दुर्घटना जिस कार से हुई वह जान गंवाने वाले व्यक्ति की पत्नी के नाम पर पंजीकृत है, इसलिए वह मुआवजे की हकदार नहीं है।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की मांग

## धीरेंद्र शास्त्री को तुरंत माफी मांगनी चाहिए




**मुंबई :** दिव्य शक्तियों और चमत्कारों का दावा करने वाले बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने आपत्तिजनक बयान देकर जगद्गुरु संत तुकाराम महाराज का अपमान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि तुकाराम महाराज का अपमान पूरे वारकरी समुदाय और महाराष्ट्र का अपमान है और कांग्रेस पार्टी बाबा के बयान की कड़ी निंदा करती है। पटोले ने कहा कि जगद्गुरु संत तुकाराम महाराष्ट्र की वारकरी संत परंपरा के एक महान संत हैं। सत्रहवीं शताब्दी में उन्होंने अभंग और कीर्तन के माध्यम से भक्ति और सामाजिक ज्ञान का महत्वपूर्ण कार्य किया। छत्रपति शिवाजी महाराज उन्हें गुरु का सम्मान देते थे। संत तुकाराम महाराज संपूर्ण वारकरी समुदाय और महाराष्ट्र के लिए पूजनीय हैं, लेकिन धीरेंद्र शास्त्री ने निराधार बयान देकर पूरे वारकरी संप्रदाय और महाराष्ट्र का अपमान किया है। शास्त्री ने अपने एक बयान में कहा है कि संत तुकाराम महाराज की पत्नी प्रतिदिन उनके साथ मारपीट करती थी, इसलिए उन्होंने भगवान की पूजा शुरू कर दी। पटोले के कहा कि इस तरह के आधारहीन और बेतुका बयान देने की वजह से धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ पूरे महाराष्ट्र में तीव्र रोष व्यक्त किया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले ये बाबा नागपुर आए और ईश्वरीय दरबार के नाम पर अंधविश्वास को बढ़ावा देने लगे। अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के श्याम मानव ने जब उन्हें ललकारा तो यह बाबा नागपुर से भाग गया। कांग्रेस पार्टी इस बाबा की कड़ी निंदा करती है। पटोले ने कहा कि संत तुकाराम महाराज का अपमान करने के लिए धीरेंद्र शास्त्री को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

## माटुंगा में सड़क विस्तार के लिए कटेंगे 30 पेड़?

### पेड़ों की कटाई के खिलाफ स्थानीय लोगों ने चलाया अभियान



**मुंबई :** माटुंगा किंग सर्किल के स्थित माटुंगा जिमखाना के पास सड़क को चौड़ी करने का काम किया जाएगा। सड़क चौड़ा करने में बाधा बने 30 साल पुराने पेड़ों को काटा जाएगा। मनपा एफ नॉर्थ विभाग ने पेड़ काटने की अनुमति के लिए प्रस्ताव को ट्री अथॉरिटी के पास भेजा है। सड़क चौड़ा में बाधा बन रहे पेड़ो को काटने की मनपा आयुक्त मंजूरी देना तय माना जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा आंदोलन किया गया।

मुंबई मनपा और इंडियन जिमखाना के बीच हुए समझौते के अनुसार इंडियन जिमखाना के कब्जे में खेल मैदान की जगह सड़क के लिए 20 मीटर चौड़ी प्रस्तावित है। इस भूखंड पर 30 पेड़ लगे हुए जो की सड़क को चौड़ा करने में बाधा बने है। मनपा एफ नॉर्थ वार्ड की ओर से इन पेड़ों को हटाने का प्रस्ताव मनपा आयुक्त के पास भेजा गया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि सड़क चौड़ीकरण के मौके पर कुल 30 पेड़ काटे जाएंगे। मनपा की और से इन पेड़ो को काटे जाने की अनुमति मिलना निश्चित है जिसके चलते स्थानीय लोग पेड़ काटने के विरोध कर रहे है। स्थानीय लोगो का कहान है कि इन पेड़ों से छाया, ऑक्सीजन, ठंडी हवा और पक्षियों की चहचहाहट खो देंगे। इसलिए, यह क्षेत्र निश्चित रूप से एक रेगिस्तान में बदल जाएगा, स्थानीय लोगो का कहना है कि इससे प्रदूषण भी बढ़ेगा। इसलिए इन पेड़ों को काटने से सड़क चौड़ीकरण का कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसके विपरीत पेड़ की कटाई से आस पास के परियोजना का एफएसआई को बढ़ाना एक मात्र उद्देश्य है। जिसका फायदा बिल्डर को होगा।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# चीन पर चर्चा की मांग !

इस पर आश्चर्य नहीं कि संसद के बजट सत्र को लेकर बुलाई गई बैठक में विपक्ष ने चीन से तनाव पर चर्चा की मांग की। यह कोई नई मांग नहीं है। संसद के प्रत्येक सत्र में यह मांग उठाई जाती है। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के नेता रह-रह कर ऐसे आरोप लगाते रहते हैं कि चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये को लेकर सरकार सच्चाई बताने से इन्कार कर रही है। हालांकि सरकार की ओर से बार-बार यह कहा गया है कि सीमा पर स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा संबंधी संवेदनशील मामलों के कारण इस पर व्यापक चर्चा नहीं की जा सकती, लेकिन विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस अपना हठ छोड़ने को तैयार नहीं। कांग्रेस एक ओर तो चीन से लगती सीमा पर वस्तुस्थिति जानने की जिद करती है और दूसरी ओर यह भी दोहराती है कि चीनी सेना ने भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। यदि उसे सचमुच वस्तुस्थिति की जानकारी है तो फिर वह जानना क्या चाहती है और यदि जानकारी नहीं तो फिर नतीजे पर कैसे पहुंच जा रही है? कठिनाई केवल यह नहीं है कि कांग्रेस यह सिद्ध करने के लिए व्यग्र है कि चीन ने भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण कर लिया है और सरकार उसे जवाब देने के लिए तैयार नहीं, बल्कि यह भी है कि वह न तो रक्षा मंत्री की बात सुनने को तैयार है और न ही विदेश मंत्री की।

कांग्रेस के रवैये को देखते हुए इसमें संदेह है कि यदि संसद में चीन को लेकर चर्चा हो भी जाए तो भी वह सरकार के उत्तर से संतुष्ट होने वाली नहीं है। रक्षा और विदेश मामले में ऐसा व्यवहार ठीक नहीं, लेकिन यह नया नहीं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि डोकलाम गतिरोध के समय राहुल गांधी ने किस तरह चीनी राजदूत से गुपचुप भेंट करना आवश्यक समझा था। यह भी किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस ने इस प्रश्न का उत्तर आज तक नहीं दिया कि उसने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था और राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से अनुदान लेने की क्या आवश्यकता थी? इसमें संदेह नहीं कि चीन आक्रामक रवैया अपनाए हुए है, लेकिन यह भी सही है कि भारतीय सेना उसका साहस के साथ सामना कर रही है। इसका उदाहरण गलवन की भी घटना है और तवांग की भी। कांग्रेस राजनीतिक कारणों से सरकार को कठघरे में खड़ा करने का काम कर सकती है, लेकिन उसे ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे सेना का मनोबल प्रभावित हो। तवांग में चीनी सेना से भिड़ंत के बाद राहुल गांधी की ओर से सेना को लेकर जैसे बयान दिए गए, उनकी सराहना नहीं की जा सकती। अच्छा हो कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल यह समझें कि चीन के मामले में पक्ष-विपक्ष को एक सुर में बोलने की जरूरत है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# सेना की वर्दी पहन कर ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार

## नोटों के गड्डी के बीच में लगाते थे कागज, मुंबई समेत कई जगह कर चुके हैं ठगी



**मुंबई :** सेना की वर्दी पहनकर ठगी करने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह के तीन सदस्यों को सोनभद्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि इनमें से एक व्यक्ति सेना की वर्दी पहन कर और फर्जी पहचान पत्र दिखाकर लोगों का विश्वास जीतता था। जबकि दो अन्य खुद को सेना के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बताते थे। विश्वास जमाने के बाद यह लोग नोटों की नकली गड्डी। जिसे वह ऊपर और नीचे असली नोट लगाते थे। इसके बीच में नोट के आकार के कागज लगा देते थे। जिसे फुटकर कराने या अन्य बहाने से असली नोटों से बदलते थे। इसके बाद असली नोट लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने इनके पास से सेना की वर्दी, टोपी, बेल्ट, जूता और सेना का कंप्यूटर से तैयार फर्जी आईडी कार्ड के अलावा नकली पिस्टल और 9500 नगद बरामद किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 29 जनवरी को राबर्ट्सगंज कस्बे में अनिल ड्रेसेज नाम से दुकान चलाने वाले अनिल कुमार सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी दुकान पर 3 लोग आए और उन्होंने काली पन्नी में लिपटी 100-100 के 5 नोटों की गड्डी देकर कहा कि उन्हें 30000 के 500-500 के नोट की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने पैसे लेकर 30 हजार दे दिए। बाद में जब उन्होंने नोटों की गड्डी को देखा तो उन्हें बीच में सफेद कागज रखा हुआ मिला। इस तरह से वह ठगी का शिकार हो गए।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर रॉबर्ट्सगंज के रेलवे क्रॉसिंग के पास से तीन अभियुक्तों रवि कुमार बिंद उर्फ बुल्लू निवासी जिला गाजीपुर, शिवपूजन कुमार निवासी दुद्धी सोनभद्र और संदीप कुमार चौधरी निवासी सतना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से एक लाइटरनुमा नकली पिस्टल, तीन मोबाइल फोन सेना की वर्दी, सेना का फर्जी पहचान पत्र व गड्डी बनाने का सामान बरामद किया है पुलिस का कहना है कि पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि इन्होंने ना सिर्फ जिले में बल्कि अन्य प्रदेशों में भी घटनाओं को अंजाम दिया है।

# मुंबई में एक पुलिस कर्मी ने अपने घर में पंखे से लटककर जान दे दी...



**मुंबई:** मुंबई के चूनाभट्टी उपनगर में 38 साल के एक पुलिसकर्मी ने अपने आधिकारिक क्वार्टर में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस से जुड़े सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) प्रकाश थेटले ने तड़के अपने घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी ने आत्महत्या करने से पहले अपनी पत्नी को कथित तौर पर बेडरूम में बंद कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि जब महिला सुबह उठी तो उसे पता चला कि उसके बेडरूम का दरवाजा बाहर से बंद है। इसके बाद उसने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी बाद में नायलॉन की एक रस्सी से पंखे से लटका हुआ मिला। उन्होंने बताया कि घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

# नाबालिग लड़के को शराब पिलाकर बनाती थी शारीरिक संबंध

## आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** सोमवार को ठाणे पुलिस ने एक 16 साल के नाबालिग लड़के का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 32 वर्षीय महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित की मां ने पुलिस को मामले की जानकारी दी और केस दर्ज कराया। पीड़ित की मां ने बताया कि आरोपी महिला के तीन बच्चे हैं और वो इनके रिश्तेदार की पड़ोसी है। आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही गिरफ्तार भी कर लिया जाएगा।

**नाबालिग को शराब पिलाकर बनाया शारीरिक संबंध**

पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी महिला अक्सर मुम्बई आने लगी थी और धीरे-धीरे नाबालिग लड़के से दोस्ती कर ली। शिकायत के हवाले से ठाणे के कल्याण में कोलसेवाडी थाने के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी महिला ने कथित तौर पर नाबालिग को शराब पिलाई और उसके साथ यौन संबंध बनाए। शिकायत के मुताबिक, लड़का स्कूल छोड़कर नासिक में उस महिला से मिलने जाता था। इतना ही नहीं, आरोपी महिला ने नाबालिग लड़के को कथित तौर पर कई आपत्तिजनक वीडियो भी दिखाए थे।

**आरोपी महिला के खिलाफ कई धाराओं के तहत मामला दर्ज**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह सब 2019 से दिसंबर 2022 तक चलता रहा। इसके बाद नाबालिग की मां को इस बारे में पता चल गया और उसने पुलिस में मामला दर्ज करा दिया। शिकायत के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (POCSO) और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि, इस मामले में अब तक महिला की गिरफ्तारी नहीं हुई है।


# मुंबई में जैन मुनि का भेष बनाकर मंदिर से चुराई सोने की प्लेट,

## क्राइम पेट्रोल देख आया था चोरी का आइडिया



**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक बार फिर चोरी का मामला सामने आया है। इस बार चोर ने नया तरीका अपनाया है। चोर ने जैन मंदिर से 160 ग्राम सोने की प्लेट को चोरी किया है। शातिर दिमाग लगाते हुए चोर ने जैन मुनि का भेष बनाया और चोरी की इस घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसकी पहचान भी हो गई है। चोर को पकड़ने के लिए पुलिस ने 100 से अधिक CCTV फुटेज की जांच की।

महाराष्ट्र के दिंडोशी में जैन मंदिरों की रेकी कर वहां से सोने का सामान चुराकर बेचने वाले शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर उसे चोरी का आइडिया आया था। क्राइम पुलिस इंस्पेक्टर डी कावड़े ने बताया कि 23 जनवरी को, भरत सुखराज दोशी नाम के एक शख्स ने जैन पुजारी के भेष में एक जैन मंदिर से 160 ग्राम सोने की प्लेट चुराई। उसे 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद मलाड पश्चिम से पकड़ा गया। उसके पास से सोना बरामद हुआ है। उसने क्राइम पेट्रोल को देखने के बाद इसकी योजना बनाई थी। बता दें कि टीवी सीरियल क्राइम पेट्रोल जैसे अन्य कई सीरियल देखकर अपराधी अपराध के घटना को अंजाम देते हैं। सीरियल देख उन्हें आइडिया आता है। यही नहीं बढ़ते अपराध के पीछे कुछ फिल्में और वेब सीरीज भी जिम्मेदार हैं। ऐसे कई केस में अपराधियों ने यह काबूबा है कि वह इन्हे देख कर अपराध की योजना बनाई और यहीं से आइडिया लेकर पूरी प्लानिंग की। अब ऐसा ही एक ओर मामला मुंबई में देखने को मिला है।



## 3 फरवरी से प्रापर्टी प्रदर्शनी

**ठाणे।** प्रापर्टी खरीदने वाले ग्राहकों के क्रेडाई एमसीएचआई की 3 से 6 फरवरी तक दौरान ठाणे के रेमंड ग्राउंड में प्रापर्टी प्रदर्शनी 2023 का आयोजन किया गया है। इस प्रापर्टी प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों किया जाएगा। इसकी जानकारी एमसीएचआई ठाणे शाखा के अध्यक्ष जितेन्द्र मेहता ने पत्रकार सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि ठाणे का रियल इस्टेट मार्केट खरीदी व विक्री की दृष्टि से अत्यंत सुरक्षित होने के चलते हर कोई चाहता है कि अपना घर ठाणे में हो। इसकी पूर्ति करने के लिए एमसीएचआई एक छत के नीचे 25 लाख रुपए से 5 करोड़ रुपए के घर, आफिस स्पेस उपलब्ध करा रही है। यह प्रापर्टी प्रदर्शनी 3 फरवरी से 6 फरवरी के दौरान सुबह 11 बजे से शाम साढ़े सात बजे तक चलेगी।

## पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बहा

**मुंबई।** रविवार सुबह करीब 5 बजे वर्ली इलाके के श्रीराम मिल के करीब जहां मुंबई नगर निगम काम कर रहा है, वहां पीने के पानी का पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। हाई प्रेशर पानी बहने के कारण सड़क पर काफी मात्रा में पानी जमा हो गया, जिससे इलाके में जलभराव हो गया। यह क्षेत्र मुंबई नगर निगम के जी-साउथ डिवीजन के अंतर्गत आता है। बताया जाता है कि वर्ली के श्री राम मिल इलाके में



मुंबई नगर निगम के तहत ठेकेदार द्वारा सीवरेज का काम कराया जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी काम के दौरान नाला फट गया। इस बाबत जी-साउथ डिवीजन के एक अधिकारी ने बताया कि हम इस बात पर विशेष ध्यान देंगे कि इससे नागरिकों की दैनिक जलापूर्ति प्रभावित न हो, उन्होंने आगे कहा कि यह पीने वाला पानी नहीं है, इसलिए नागरिकों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ली के श्री राम मिल इलाके में पिछले कई महीनों से मुंबई नगर निगम के तहत ठेकेदार द्वारा सीवरेज का काम किया जा रहा है, यहां भी नागरिकों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है।

## बच्चों से मजदूरी कराने के आरोप में मामला दर्ज

**ठाणे।** अहमदनगर जिले में मवेशी चराने के लिए 12 बच्चों से बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत तीन मामले शुक्रवार को ठाणे स्थित एक संगठन की शिकायत पर अहमदनगर जिले के संगमनेर, पारनेर और गहरगांव थानों में दर्ज किए गए। अधिकारी ने कहा कि मामलों में भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता श्रमजीवी संगठन ने रविवार को एक बयान में कहा कि बच्चे 7-18 साल की उम्र के हैं।

## लाखों के गहने व नगदी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर।** शहर में चोरी की घटना को आजम देना आम बात हो गयी है, ऐसे ही एक मामले को सुलझाते हुए सेन्ट्रल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के लाखों रुपए कीमत के सोने के गहने व नगदी बरामद कर चोरी का भंडाफोड़ करते हुए आरोपी अर्जुन जगदीश कुमावत को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में अर्जुन ने कमलेश पाहुजा की कार से चुराये 56 तोले सोने के गहने व नगदी बरामद करते हुए एक अन्य मामले का पर्दाफाश करते शैलेश मेश्राम के घर से चोरी हुए 50 तोला सोने की चेन, 25 तोले सोने के गहने व 25 हजार की नगदी हुए चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल किया।

## सोलापुर में 2 रेडीमेड गारमेंट्स की फैक्ट्री में भीषण आग



**सोलापुर :** महाराष्ट्र के सोलापुर में 2 रेडीमेड गारमेंट्स की फैक्ट्री में आग लगने की भयानक घटना सामने आई है। इस भीषण आग में दोनों फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गई हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही सोलापुर दमकल की पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया। सोलापुर शहर के दत्तानगर स्थित शिवमहेश्वरी मंदिर के पास फैक्ट्रियों में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक गद्दाम और कुरापाटी दो रेडीमेड कपड़ों के कारखाने में आज सुबह अचानक आग लग गई। इस आग में पांच दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। लाखों रुपये का बना-बनाया सामान जलकर खाक हो गया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## ट्रैफिक से घबराकर पुल से कूदे 12 हिरण सभी की मौत

**मुंबई।** सोलापुर में रविवार को 12 हिरणों की दर्दनाक मौत हो गई। यह सभी हिरण ट्रैफिक से घबराकर बाईपास पुल से नीचे कूद गए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी हिरणों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक यह घटना सोलापुर-मंडरूप बाईपास रोड का है, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। सोलापुर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक उदय सिंह पाटिल ने बताया कि सोलापुर-मंडरूप बाईपास रोड से यह सभी हिरण गुजर रहे थे। इसी दौरान रोड पर ट्रैफिक आ गया, इसकी वजह से यह सभी हिरण घबरा गए और किनारे की ओर छलांग लगा दी। वहीं नीचे गिर कर पत्थर से टकराने की वजह से इन सभी हिरणों की मौत हो गई।

## लाखों रुपए माल के साथ एक चोर गिरफ्तार



**विरार।** दिनदहाड़े घर में चोरी करने वाले शातिर चोर को एमबीवीवी की क्राइम ब्रांच 3 यूनिट ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में 14 अपराधों की गुत्थी सुलझ गयी व 2 लाख से ज्यादा का माल जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक,21 जनवरी 2023 को रुक्मिणी कृष्णा गोवेकर के घर का अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर घर से 28,500 रुपये का आभूषण व नगदी चोरी कर फरार हो गया।इस मामले में गोवेकर ने विरार पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थ।पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच 3 विरार यूनिट को मामले की जांच सौंपी गई थी। एक गोपनीय जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी अकरम फारुक अन्सारी 24 को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वाहन, सोने और चांदी के आभूषण सहित कुल 2,89,550/- रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी पर कुल 14 मामले (चोरी विरार थाने में दर्ज) का खुलासा हुआ है। आरोपी के रिकॉर्ड की जांच की गई तो उसके खिलाफ वसई, विरार क्षेत्र के विभिन्न थानों में चोरी के 10 मामले दर्ज थे।

## कहासुनी में मजदूर की हत्या

**मुंबई।** गिरगांव में एक मजदूर ने दूसरे मजदूर की हत्या कर दी। इस मामले में वी. पी रोड पुलिस ने आरोपी गणेश शिवशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरगांव इलाके में मोती टॉकीज के पास अलंकार जंक्शन पर मजदूर संदीप सोनवणे (35) और दूसरा मजदूर गणेश शिवशंकर (32) के बीच कहासुनी हो गई। कुछ देर बाद जब संदीप सो रहा था तो गणेश ने उसके सिर पर हमला कर दिया। जिससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। वी. पी रोड थाने



के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद गणेश मुंबई से भागने की तैयारी कर रहा था। गणेश की तलाश के लिए हर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर पुलिस टीमें भेजी गईं। साथ ही वी.पी. पुलिस रोड थाने की सीमा में आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने गणेश को नल बाजार इलाके से गिरफ्तार किया।

## तड़ीपार आरोपी अरेस्ट

**ठाणे।** ठाणे के कोपरी परिसर स्थित आनंद नगर में रहने वाले कुख्यात अपराधी सचिन गणपत गोले को 1 वर्ष के लिए 5 जिलों से तड़ीपार किया गया था। यह तड़ीपारी पुलिस परिमंडल 5 के पुलिस उपायुक्त के आदेश पर हुई थी, लेकिन इसके बाद भी तड़ीपार आरोपी कोपरी परिसर में छिपकर रह रहा था। आखिरकार पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सचिन गोले को 5 मार्च 2022 को ठाणे, मुंबई, मुंबई उपनगर,नवी मुंबई, रायगड, पालघर जिले से 1 वर्ष के लिए तड़ीपार किया गया था। आरोपी गोले तड़ीपारी आदेश का उल्लंघन कर परिसर में रह रहा था, लेकिन रविवार को सबेरे उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आदेश उल्लंघन को लेकर मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसी जानकारी देते हुए कोपरी पुलिस ने कहा कि मामले की तहकीकात की जा रही है।

## जी टी बी नगर में हाई राइज इमारत में आग

**मुंबई :** हाई राइज इमारतों में आग लगने की घटना लगातार तीसरे दिन घटी है। सोमवार दोपहर लगभग 12 बजकर 35 मिनट पर जीटीबी नगर की 19 मंजिला शिव शक्ति नामक इमारत में आग लगने की घटना घटी। सुदैव से जिस घर में आग की घटना घटी घर के कोई नही होने के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर शिव शक्ति इमारत की 6 वी मंजिल पर घर क्रमांक 612 में लगी थी। यह इमारत 19 मंजिल की है। आग घर में बिजली के तार में लगीं जिससे शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है।

## दुनियाभर में स्मार्टफोन की बिक्री घटी

### बीते साल भारत में 9% और चीन में 14% कम बिके स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** बीते साल दुनियाभर में स्मार्टफोन की बिक्री में गिरावट देखने को मिली। दो सबसे बड़े मोबाइल मार्केट में शुमार चीन और भारत में भी यही स्थिति रही। लेकिन, भारत में चीन के मुकाबले कम गिरावट आई।

काउंटर पॉइंट मार्केट रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 2022 के दौरान स्मार्टफोन की बिक्री 2021 की तुलना में 9% घट गई और 15.2 करोड़ स्मार्टफोन बिके। ये गिरावट मुख्य रूप से एंट्री लेवल और बजट सेगमेंट के फोन में रही।

**30,000 रुपए से ज्यादा के स्मार्टफोन की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 35%**

इस दौरान प्रीमियम सेगमेंट की बिक्री में बढ़ोतरी जारी रही। स्मार्टफोन की



कुल बिक्री में हिस्सेदारी पहली बार डबल डिजिट यानी 11% पर पहुंच गई। मार्केट की आय में 30,000 रुपए से ज्यादा के स्मार्टफोन की हिस्सेदारी भी बढ़कर 35% हो गई, जो एक रिकॉर्ड है। सबसे बड़े मोबाइल मार्केट चीन में लगातार पांचवें साल स्मार्टफोन की बिक्री घटी है। बीते साल 14% गिरावट के साथ स्मार्टफोन की बिक्री दशक के निचले स्तर पर आ गई।

## लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ा देश का खजाना

### गोल्ड रिजर्व में भी हुआ इजाफा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.727 अरब डॉलर बढ़कर 573.727 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी आई है। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 10.417 अरब डॉलर बढ़कर 572 अरब डॉलर हो गया था।

गौरतलब है कि अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी। अक्टूबर 2022 में, विदेशीमुद्रा भंडार में एक सप्ताह के दौरान 14.721 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार कुल मुद्रा भंडार का



अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) समीक्षाधीन सप्ताह में 83.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 506.358 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले विदेशीमुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। इसके अलावा स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 82.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 43.712 अरब डॉलर हो गया।

## इनर व्हील ने महिन्द्रा ग्रुप के सहयोग से 1.5 करोड़ जुटाए

**मुंबई।** महिंद्रा ग्रुप की चीफ कंज्यूमर और ब्रांड ऑफिसर आशा खरगा ने कहा, 'हम इस पहल से जुड़कर बहुत खुश हैं। इस पहल के जरिए शहीद जवानों के परिवारों को सहायता दी जाएगी। 'इनर व्हील' और मीता सेठ ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी मदद करने का शानदार काम किया है। महिंद्रा का दृढ़ विश्वास है कि 'इनर व्हील' महिलाओं की संयुक्त शक्ति के माध्यम से क्या किया जा सकता है इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। महिला स्वयंसेवी संस्था 'इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 314' ने संगीतमय कार्यक्रम 'भारत के वीर' के जरिए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। मुंबई के नरीमन पॉइंट में आयोजित इस कार्यक्रम में अघाड़ी गायक जावेद अली ने शिरकत की. इस कार्यक्रम के माध्यम से कुल 2 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और 1.5 करोड़ रुपए केंद्रीय गृह मंत्रालय की 'भारत के वीर' पहल के लिए दान किए गए।



## CM एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस को ले जा रहा विमान अचानक वापिस मुंबई लौटा



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ले जा रहा एक विमान खराब मौसम के कारण सोमवार को वापस मुंबई लौट आया। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिंदे और फडणवीस एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने जलगांव जिले के जामनेर जा रहे थे। अधिकारी ने बताया कि विमान ने मुंबई से उड़ान भरी लेकिन ''खराब मौसम'' के कारण वह लौट आया।

# उच्च न्यायालय ने दिया आदेश

## महाराष्ट्र के नियमों के अनुसार टाडा दोषियों को नहीं मिलेगी पैरोल



**नागपुर:** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी टाडा के तहत दोषी ठहराए गए एक कैदी को पैरोल देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि 'आतंकवादी अपराधों' के दोषी महाराष्ट्र में नियमों के अनुसार पैरोल के लिए पात्र नहीं हैं। 2 दिसंबर 2022 को जस्टिस एसबी शुकरे और जस्टिस एमडब्ल्यू चंदवानी की खंडपीठ ने हसन मेहंदी शेख की याचिका को खारिज कर दिया था। उसने अपनी बीमार पत्नी को देखने के लिए नियमित पैरोल की मांग की थी। वह अमरावती केंद्रीय कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

**टाडा के मामले में पैरोल नहीं देने का है प्रावधान**

शेख को (टाडा) के कड़े प्रावधानों सहित विभिन्न अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। जेल अधिकारियों ने उसके आवेदन को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि वह जेल (बॉम्बे फर्लो और पैरोल) नियमों के प्रावधानों के तहत पैरोल पाने के योग्य नहीं है। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि नियमों में एक विशिष्ट प्रावधान है। यह टाडा के तहत दोषी व्यक्ति को नियमित पैरोल का लाभ पाने के लिए अयोग्य ठहराता है।

अदालत ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि आतंकवादी अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए कैदियों पर नियमित पैरोल पर रिहा होने से एक रोक है। टाडा आतंकवादी अपराध के बारे में है।' हाई कोर्ट ने कहा, 'याचिकाकर्ता को टाडा के तहत दोषी ठहराया गया है और इसलिए वह नियमित पैरोल के लिए पात्र नहीं होगा।' शेख ने अपनी याचिका में सुप्रीम कोर्ट के 2017 के एक फैसले का हवाला दिया। इसमें कहा गया था कि अगर एक दोषी को टाडा प्रावधानों के तहत दोषी पाया जाता है, तो भी वह नियमित पैरोल मांगने से अयोग्य नहीं होगा।

# पहली अंडरग्राउंड मेट्रो 2023 तक, आरे कारशेड का काम 55 प्रतिशत पूरा



**मुंबई :** मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो की शुरूआत दिसंबर 2023 तक हो जाएगी। पहले चरण में सरिपुत नगर से बीकेसी के बीच पहले चरण को इस साल के अंत तक शुरू किए जाने का लक्ष्य है। आरे में मेट्रो का कारशेड बनाने का काम फुल स्पीड में है। एमएमआरसीएल की एमडी अश्विनी भिड़े ने बताया कि मेट्रो कारशेड बनाने का काम लगभग 55 प्रतिशत पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह में रिकॉर्ड 15 प्रतिशत काम हो गया है। एमडी अश्विनी भिड़े लगातार कार्यस्थल का दौरा कर काम की समीक्षा कर रही हैं। गौरतलब है कि मेट्रो-3 की टनलिंग का काम शत-प्रतिशत होने के बाद अब सुरंग के अंदर ट्रैक बिछाने और स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

**पहले फेज में 65 प्रतिशत ट्रैक का काम**

बताया गया कि आरे से लेकर बीकेसी तक ट्रैक बिछाने का लगभग 65 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ दूसरे फेज में बीकेसी से लेकर कफ परेड तक मेट्रो रेल लाइन बिछाने का काम लगभग 42 प्रतिशत हो गया है। सिविल वर्क कंप्लीट होने के साथ कई भूमिगत स्टेशन तेजी से आकार ले रहे हैं। मेट्रो-3 पर अंडरग्राउंड ट्रैक बिछाने के लिए लो वाइब्रेंट टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, ताकि मेट्रो चलते समय भूमिगत स्टेशनों और ऊपर रोड पर भी पर भी कंपन न हो। आम रेल ट्रैक की बजाय अलग लेयर वाली पटरी बिछाई जा रही है।

# पिंपरी-चिंचवड में सात पिस्तौल और नौ जिंदा कारतूस के साथ छह गिरफ्तार



**पिंपरी :** अवैध असलहों की रोकथाम में जुटी पिंपरी-चिंचवड पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में छह बदमाशों को गिरफ्तार कर उनसे सात पिस्तौल और नौ राउंड कारतूस बरामद किए हैं। ये कार्रवाई क्राइम ब्रांच के यूनिट-4 और डकैती रोधी दस्ते ने की है। जब्त किए गए असलहों की कीमत करीबन सवा तीन लाख बताई जा रही हैं।

क्राइम ब्रांच यूनिट-4 ने दिघी थाना क्षेत्र के चरहोली फाटा के पास कार्रवाई करते हुए अक्षय रवि पाखेरे (22), प्रवीण भरत म्हस्के (20) को गिरफ्तार कर एक लाख चार हजार रुपए के दो देसी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। यूनिट चार ने दूसरा ऑपरेशन वाकड थाना क्षेत्र के शेख बस्ती में चलाया। यहां तुषार महीपति मागर (24) को गिरफ्तार कर उसके पास से 50,000 मूल्य की एक देसी पिस्तौल बरामद की है। डकैती रोधी दस्ते ने आलंदी थाने में की गई कार्रवाई में रामदास सुरेश सुकले (39), रियाज हुसैन शेख (22), तुषार उर्फ देलिया शांताराम टेके (24) नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से एक लाख 77 हजार 510 रुपए कीमत के चार पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

**सोने की चेन छिनी**

इसी बीच, दोपहिया वाहन से गुजर रहे एक युवक को रोक कर सीधे सिर पर पिस्टल लगाकर उसके गले से ढाई तोले की सोने की चेन चोरी कर लिए जाने की घटना रविवार को रावेत में हुई। इस मामले में निखिल रंगू मधली (18) ने रावेत थाने में तहरीर दी है। जब वादी और उसका दोस्त शकील शेख अपने दोपहिया वाहन पर सवार थे, तो आरोपी ने उन्हें रोका और वादी के सिर पर पिस्तौल रखकर धमकाया और उसके गले से 95,000 रुपए वजन की सोने की चेन छीन ली।


# पार्ट टाइम नौकरी की है तलाश तो सावधान!

## महाराष्ट्र के डोम्बिवली में पार्ट टाइम नौकरी देने के नाम पर 7 लोगों से हुई -19 लाख की ठगी...

**ठाणे :** अगर आप भी अपने खाली समय में पार्ट टाइम जॉब करके सेकेंड इनकम की तलाश में हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए. ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी देने के नाम पर कई सारे फजीवाड़े भी चल रहे हैं. इन्ही फजीर्वाड़ों का शिकार होकर महाराष्ट्र में 7 लोगों को 19 लाख रुपये की चपत लग गई है. महाराष्ट्र के ठाणे जिले में नौकरी की तलाश कर रहे सात युवाओं से पार्ट टाइम नौकरी देने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा कथित तौर पर 19 लाख रुपये की ठगी की गई है. पुलिस ने एक पीड़ित युवती की शिकायत पर इस घटना की खबर लगी है.

**क्या है पूरा मामला**

महाराष्ट्र के डोम्बिवली शहर के मनपाडा पुलिस थाने के अधिकारी ने




बताया कि करीब 2.82 लाख रुपये की ठगी के शिकार एक पीड़िता की शिकायत पर रविवार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता युवती के साथ पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर ठगी हुई है.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पिछले महीने एक अज्ञात नंबर से उसे एक ऐप पर मैसेज मिला की पार्ट टाइम नौकरी उपलब्ध है. इस नौकरी के लिए उसे ऐप पर और ङ्क्षश्ळठ्ठी पर कुछ काम करना होगा, जिसके बाद उसके अकाउंट में पैसे आ जाएंगे. हालांकि जैसा निर्देश मिला, उस हिसाब से कई सारे काम करने के बाद युवती को पता चला कि उसके अकाउंट से 2.82 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए गए हैं.

**सात और लोगों से हुई ठगी**

बता दें कि युवती की शिकायत के बाद जब पुलिस ने घटना की जांच शुरू की, तो पाया गया कि 6 और लोगों के साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई है. अधिकारी ने बताया कि सातें पीड़ितों को मिलाकर कुल 19 लाख रुपये की ठगी हुई है. उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com